# विषय : संस्कृत
## कक्षा : दसवीं
## प्रश्न– पत्र की रूपरेखा(2021-22)

**समय : 3 घण्टे**

**कुल अंक : (लिखित=75+5 सुन्दर लिखाई ) =80**
आन्तरिक मूल्यांकन = 20

### भाग क

**अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )**

इस भाग में मिलान से संबंधित अथवा हाँ/नहीं अथवा सही/गलत अथवा बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले, किसी भी प्रकार के **प्रश्न** पूछे जा सकते हैं ।

1 उपपद सम्बन्धी अशुद्धि वाले पाँच वाक्य दिये जाएं जिनमें से तीन वाक्यों को शुद्ध करने को कहा जाये ।

**अथवा**

शब्द रूप तथा धातु रूप पर आधारित रिक्त स्थानों की पूर्ति । पुस्तक के अभ्यासों में से पाँच वाक्य दिए जाए जिनमें से तीन करने को कहा जाए । 3x1=3

2 पाठ्यक्रम में दी गई सन्धियों में से सात शब्द सन्धि / सन्धि विच्छेद के लिए दिये जाऐं जिनमें से किन्हीं पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए । 5x1=5

3 पाठ्यक्रम में दी गई उपसर्ग में से सात उपसर्ग देकर पाँच की धातु अलग करने के लिए कहा जाए । 5x1=5

4 निर्धारित धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने के लिए सात धातुएं तथा प्रत्यय दिए जाएं, जिनमे से पाँच धातुओं के साथ प्रत्यय लगाने को कहा जाए ।

अथवा

पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में आए अव्ययों में से सात अव्यय देकर पाँच को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहा जाए । 5x1=5

5 पाठ्यक्रम में दिए गये संज्ञा शब्द रूपों में **अथवा** हलन्त् और सर्वनाम शब्द रुपों में से सात शब्दरूपों में से प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच शब्दों के उत्तर लिखने को कहा जाए । 5x1=5

6 पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से संबंधित सात धातुरूपों में प्रश्न पूछे जायें जिनमें से केवल पाँच का उत्तर लिखने को कहा जाए। 5x1=5

7 पाठों के अभ्यासों में से सात संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखने को कहा जाए। 5x1=5

8 संस्कृत में छः प्रश्न दिए जाएं। जिनमें से चार का उत्तर संस्कृत में लिखने को कहा जाए। 4x1=4

## भाग –ख

9 तीन गद्यांश दिए जाएं जिनमें से दो का अनुवाद हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में करने को कहा जाए। 2x5=10

10 तीन पद्य दिए जाएं जिनमें से दो का प्रसंग सहित अर्थ हिन्दी या पंजाबी या अंग्रेज़ी में लिखने को कहा जाए। 2x5=10

11 पाठों के अभ्यासों में से सात प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं, जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए। 5x2=10

12 पाठ्य पुस्तक में से कोई एक गद्याँश देकर उसी मे से संस्कृत में दो सरल प्रश्नोत्तर पूछे जाएं। 2x2=4

13 हिन्दी के 7 वाक्य दिए जाएं जिनमें से चार वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने को कहा जाए।

**अथवा**

पाठ्यक्रम में निश्चित् तीन निबंध देकर किसी एक विषय पर संस्कृत में लगभग 80 शब्दों में निबंध लिखने को कहा जाए। 4

14 सुंदर लिखाई 5

22/6/22